एन टी सी मिलें जनता कपड़े का उत्पादन नहीं कर रही है ।

(ग) एन टी सी मिलों द्वारा कन्ट्रोल के कपड़े का उत्पादन प्राधिकृत चैनलों द्वारा कपड़े की उठान से संबद्ध हैं और इसीलिए उत्पादन को उसके अनुरूप नियमित किया जाता है ।

लोक अदालतें

386. **श्री अजीत जोगी** : क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लोक अदालतों द्वारा लंबित मामलों के शीघ्र निपटान की प्रक्रिया वर्तमान सरकार द्वारा भी जारी रखे जाने की संभावना है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस बारे में कोई नयी योजना आरम्भ किए जाने की संभावना है ; और

(ग) पिछले तीन महीनों में लोक अदालतों द्वारा निपटाए गए मामलों की संख्या कितनी है ?

इस्पात और खान मंत्री व साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री दिनेश गोस्वामी): (क) जी हां ।

(ख) कुछ अन्य प्रस्ताव भी सरकार के विचाराधीन हैं ।

(ग) विधिक सहायता स्कीम कार्यान्वयन समिति के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार गत तीन मास के दौरान लोक अदालतों ने लगभग 1,01,333 मामलों का निपटारा किया है ।

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय वस्त्र निगम की मिलों के प्रबंधकों तथा श्रमिकों के बीच संबंधों में सुधार

387. **श्री अजीत जोगी** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में चल रही राष्ट्रीय वस्त्र निगम की मिलों के प्रबंधकों तथा श्रमिकों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए सरकार द्वारा कोई पहल की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं है तो इसके क्या कारण हैं ?

वस्त्र मंत्री और साथ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री शरद यादव) (क) और (ख) : मध्य प्रदेश में एन टी सी मिलों में प्रबंधकों और श्रमिकों के बीच के संबंध संतोषजनक हैं तथा सभी मिलों में संयुक्त प्रबंध समितियां कार्य कर रही हैं ।

Use of foreign brand name

388. SHRI SUBAS MOHANTY : Will tin Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Pepsi Foods company is not to use any foreign brand name ;

(b) whether it is also a fact that they are using Trade Mark: "Oheetos" and "Pepsi" ;

(c) what are the names of the owners of the Trade Marks "Ghcetos" and "Pepsi"; and

(d) what action is proposed to be taken in this regard ?

1HE MINISTER OF TEXTILES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI SHARAD YADAV) : (a) One of th: conditions of the Letter of Intent granted to M/s. Pepsi Foods Private Limited is that foreign brand name shall not be allowed to be used for domestic sales.